आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

21.05.2024 समय : 1850

- राज्य क्षय रोग अधिकारी डॉ. पी. लाल ने कहा कि क्षय रोग से बचने के लिए खान–पान को ठीक रखना बहुत जरूरी है।
- राष्ट्रीय बाल सुरक्षा कार्यक्रम के तहत कैम्पबेल बे में बच्चों के उपचार के लिए डॉक्टरों की एक टीम ने इस क्षेत्र का दौरा किया।
- शहीद द्वीप के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में बहुविशेषज्ञ स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।
- आज विश्व सांस्कृतिक विविधता दिवस है।
- द्वीपसमूह के कई भागों में वर्षा हो रही है।

<><><><><><><>

राज्य क्षेय रोग अधिकारी डॉ. पी. लाल ने कहा कि क्षय रोग से बचने के लिए खान–पान को ठीक रखना बहुत जरूरी है। आकाशवाणी समाचार के साथ बातचीत में उन्होंने कहा कि देश के इक्कतीस प्रतिशत लोगों में तपेदिक के जीवाणु मौजूद है और जब भी रोग–प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होती है तो तपेदिक होने की संभावना बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि मधुमेह से ग्रसित लोगों में टी बी होने की संभावना अधिक है। धूम्रपान, नशा भी टी बी के प्रमुख कारक हैं।
बाईट–डॉ. लाल–37 से0

<><><><><><><>

राष्ट्रीय बाल सुरक्षा कार्यक्रम के तहत कैम्पबेल बे में बच्चों के उपचार के लिए डॉक्टरों की एक टीम ने हाल ही में इस क्षेत्र का दौरा किया। आयुर्वेद की चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपिका शर्मा, होमियोपैथी के चिकित्सा अधिकारी डॉ. जिजी पॉल और अन्य चिकित्सा कर्मियों ने कैम्पबेल बे के स्कूलों और आंगनवाड़ी केन्द्रों में बच्चों का उपचार और देखभाल किए। जांच के अलावा राष्ट्रीय जन्म दोष जागरूकता कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस दौरान अभिभावकों को जन्म दोष और अन्य पोषण की कमी के बारे में जानकारी दी गई। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कैम्पबेल बे प्रशिक्षण हॉल में चयनित पीर शिक्षकों के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। टीम के साथ कैम्पबेल बे दंत सर्जन डॉ. विरेन्दर संधु सिंह भी शामिल थे।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रदेश कांग्रेस पार्टी की ओर से पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर आज गांधी भवन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पार्टी अध्यक्ष रंगलाल हलदार ने उन्हें अपनी पुष्पांजलि अर्पित की और कहा कि इस दिन को देशभर में आतंकवाद विरोधी दिवस के रूप में मनाया जाता है, जो शांति और मानवता का संदेश फैलाता है और हमारे देश के लोगों के बीच एकता को भी बढ़ावा देता है। कार्यक्रम में पार्टी के अन्य कार्यकर्ताओं ने भी अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए।

<><><><><><><>

शहीद द्वीप के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में बहुविशेषज्ञ स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। गैर सरकारी संगठन विद यू, स्वास्थ्य सेवा निदेशालय और डॉ. रितिका उपचार केन्द्र की ओर से आयोजित स्वास्थ्य शिविर में ग्राम पंचायत शहीद द्वीप का भी सहयोग रहा। दक्षिण अंडमान ज़िला परिषद अध्यक्षा एम. रजनी इस अवसर पर मुख्य अतिथि थीं, जबकि उपाध्यक्ष सरफुद्दीन सम्माननीय अतिथि थे। कार्यक्रम में पोर्ट ब्लेयर पंचायत प्रमुख चंपा दास, प्रधान पिंकी दास के अलावा कई अन्य लोग भी उपस्थित थे। विद यू की अध्यक्षा ने बताया कि संगठन की ओर से द्वीपों के अन्य ग्रामीण क्षेत्रो में भी इसी तरह के स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. वाजपेयी ने पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर स्तन कैंसर पर जागरूकता उत्पन्न करने के लिए पंचायत सामुदायिक हॉल में नुक्कड़–नाटक का मंचन किया गया।

<><><><><><><>

आज विश्व सांस्कृतिक विविधता दिवस है, जिसका आयोजन दुनियाभर की संस्कृतियों की खूबियों और शांति तथा सतत विकास में भिन्न संस्कृतियों के बीच संवाद की भूमिका को उजागर करने के लिए किया जाता है। माना जाता है कि दुनिया के नब्बे प्रतिशत संघर्ष अलग–अलग संस्कृति के लोगों के बीच संवाद कम होने के कारण ही हैं। संयुक्त राष्ट्र शैक्षणिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन–यूनेस्को के अनुसार, सांस्कृतिक और रचनात्मक क्षेत्र को लोक नीति और अंतरराष्ट्रीय सहयोग में समुचित स्थान नहीं मिल पाया है। इस दिवस का आयोजन सांस्कृतिक विविधता की समझ विकसित करने के उद्देश्य से किया जाता है।

<><><><><><><>

समाज कल्याण विभाग की ओर से जोगर्स पार्क में जागरूकता और फिटनेस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में योग इंस्ट्रक्टरों द्वारा योग कराया जा रहा है। डॉक्टरों की टीम भी योग के लाभ और नशामुक्त समाज का निर्माण करने में लोगों की भागीदारी पर अपने विचार रख रहे हैं। समाज कल्याण निदेशक डॉ. नितिन शाक्या भी इस कार्यक्रम में बढ़–चढ़कर हिस्सा लेते हुए ध्यान और योग के महत्व पर प्रकाश डाला।

<><><><><><><>

डॉ0 बी आर अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान और डिगलीपुर के दूसरे बहुशिल्प संस्थान में डिग्री डिप्लोमा और ट्रेड डिप्लोमा कार्यक्रम में प्रवेश के लिए उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। सामान्य कॉलेज प्रवेश पोर्टल पर अट्ठाईस मई से चौबीस जून तक आवेदन किया जा सकता है।

<><><><><><><>

चेन्नई से आ रहे जहाज एम. वी. स्वराजद्वीप के कल शाम छः बजे तक पोर्ट ब्लेयर पहुंचने की संभावना है। जहाज में चार सौ से अधिक यात्री सवार है और दो सौ बीस से अधिक मिट्रिक टन माल लाया जा रहा है। जहाज हैडो जेट्टी पर लगेगा।

<><><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान ज़िले में सरकारी जमीन से अतिक्रमण को हटाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत अब तक ग्यारह हजार वर्ग मीटर से अधिक सरकारी जमीन को अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराया गया। ज़िला उपायुक्त दिलखुश मीणा के नेतृत्व में राजस्व अधिकारियों की टीम द्वारा डिगलीपुर के सीतानगर, नवीन नगर में इस अभियान को चलाया गया। ज़िले में इस तरह का अभियान आगे भी जारी रहेगा।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के कई भागों में वर्षा हो रही है। पोर्ट ब्लेयर और दक्षिण अंडमान के कई भागों में आज सवेरे से ही रूक–रूक कर हल्की से भारी वर्षा हो रही है। ननकौड़ी में आज सुबह साढ़े आठ बजे तक अट्ठारह दशमलव चार मिलीमीटर, मायाबंदर में नौ, हटबे में छः दशमलव दो, वायु सेना केन्द्र कार निकोबार में पांच दशमलव चार और लांग आइलैंड में एक दशमलव छः मिलीमीटर वर्षा हुई। मौसम संबंधी पूर्वानुमान में बताया गया है कि चालीस से पचास किलोमीटर की रफ्तार से हवाएं चलेंगी और समुद्र काफी अशांत रहेगा। मछुआरों को पच्चीस मई तक समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है। अगले चार दिनों के मौसम संबंधी पूर्वानुमान में बताया गया है कि द्वीपों के एकाध भागों में भारी वर्षा हो सकती है।

<><><><><><><>

सामाजिक और सांस्कृतिक संस्था चेतना की ओर से कल अभिनन्दन और साहित्यिक चर्चा का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम कल शाम पांच बजे टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय के सभागार में आरंभ होगा।

<><><><><><><>

देशभर में अवैध डिजिटल ऋण ऐप्प से संबंधित बड़ी संख्या में शिकायतें आ रही है। यह ऐप्स कम अवधि के लिए ऋण और माइक्रो क्रेडिट प्रदान करते है, लेकिन उनमें अत्यधिक ब्याज दरें और छिपे शुल्क शामिल होते है। यह ऐप्स भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा विनियमित नहीं होते है, और वे कमज़ोर और कम आय वाले वर्ग के लोगों को प्रभावित करने का प्रयास करते है। यह ऋण प्राप्त करने के लिए उपयोगकर्ताओं से गोपनीय निजी जानकारियां जैसे संपर्क, स्थान, फोटो और वीडियो प्रदान करने की मांग की जाती है। इन व्यक्तिगत जानकारियों का दुरूपयोग उनके खिलाफ ब्लैकमेल करने में किया जाता है। अवैध ऐप्स बड़े पैमाने पर बल्क एस एम एस, डिजिटल विज्ञापन, चैट मैसेन्जर और मोबाइल ऐप स्टोर आदि का उपयोग करते है। पुलिस ने सभी नागरिकों को सतर्क रहने की सलाह देते हुए इन अवैध ऋण ऐप्स का उपयोग न करने की सलाह दी है। अगर किसी को इन ऐप्स का उपयोग करने से धोखाधड़ी, ब्लैकमेल या पीड़ा का सामना करना पड़े, तो वे सहायता, जानकारी या पूछताछ के लिए साइबर अपराध पुलिस थाना, अण्डमान व निकोबार द्वीपसमूह, राष्ट्रीय हेल्प लाइन नम्बर– एक नौ तीन शून्य तथा अण्डमान व निकोबार पुलिस साइबर हेल्पलाइन नम्बर– नौ पांच तीन एक आठ पांच छः शून्य आठ तीन पर संपर्क कर सकते है या **cybercrime.gov.in** का भी उपयोग कर सकते हैं।

<><><><><><><>

पद्म पुरस्कारों के लिए ऑनलाइन नामांकन और अनुशंसा की प्रक्रिया आरंभ हो गई है। नामांकन की अंतिम तिथि पन्द्रह सितंबर है। नामांकन और अनुशंसा राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल **www.awards.gov.in** पर की जा सकती है। पद्म पुरस्कारों के अंतर्गत पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्मश्री पुरस्कार आते हैं। यह पुरस्कार कला, साहित्य तथा शिक्षा, खेल, चिकित्सा, सामाजिक कार्य, विज्ञान और इंजीनियरिंग, सार्वजनिक मामले, सिविल सेवा, व्यापार और उद्योग सहित विभिन्न विषयों में विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों के लिए दिये जाते हैं।

**<><><><><><><>**